मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

राँची,दिनांक–19.01.2019

संख्या-45/2019

- **मुख्यमंत्री चतरा में आयोजित "स्वस्थ चतरा" कार्यक्रम में शामिल हुए**
- **14 वर्ष की तुलना 4 वर्ष के चतरा से करें- मुख्यमंत्री**
- **14 साल में 22 हजार किमी ग्रामीण सड़क, 4 साल में 20 हजार किमी सड़क का निर्माण**
- **14 साल में करीब 1 किमी प्रतिदिन सड़क का निर्माण, 4 साल में 3.28 किमी प्रतिदिन सड़क का निर्माण**
- **किसानों को मुख्यमंत्री आशीर्वाद योजना के तहत मिलेगा 2 हजार 250 करोड़- मुख्यमंत्री**
- **विकास की राजनीति का साथ विकास के सहभागी बनें- मुख्यमंत्री**
- **मुख्यमंत्री ने चतरा के करीब 52 गांव से राज्य के शहीदों की प्रतिमा निर्माण हेतु आई मिट्टी का संमिश्रण किया**
- **मुख्यमंत्री ने टंडवा के दरही नदी पर निर्मित पुल का उद्घाटन और टंडवा में ही PCC पथ का शिलान्यास किया**

चतरा: अच्छी सोच सदैव सामूहिक रूप से लाभान्वित करता है। ऐसी सोच को नमन। आज आह्लादित हूं कि सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु विभिन्न योजनाओं का शुभारंभ कर रहा हूं। यह सरकार की प्राथमिकता है कि जब स्वस्थ झारखण्ड रहेगा , तभी स्वावलंबी झारखण्ड बनेगा। स्वस्थ चतरा जैसी योजना पूरे राज्य में लागू होगी , 22 जनवरी को बजट में इसका प्रावधान किया जाएगा। 2022 तक कोई बिना दवा ना रहें इस निमित कार्य हो रहें हैं। पूरे राज्य में 300 एम्बुलेंस संचालित है 30 और एम्बुलेंस जल्द प्रारम्भ की जायेगी। उपरोक्त बातें मुख्यमंत्री श्री रघुवर दास ने कही। श्री दास शनिवार को चतरा के जवाहरलाल स्टेडियम में आयोजित स्वस्थ चतरा कार्यक्रम में बोल रहे थे।

मुख्यमंत्री श्री रघुवर दास ने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य , शिक्षा, मूलभूत सुविधा, स्वच्छता समेत अन्य क्षेत्रों में कई कार्य जन सहभागिता की वजह से हुई है। आपके सहयोग से राज्य के कार्यों को दिल्ली में सम्मान मिला , नीति आयोग ने राज्य की सराहना की। यह सब आपकी बदौलत संभव हुआ। केंद्र सरकार की वजह से 4 वर्ष में पूरे विश्व में भारत का सम्मान बढ़ा। क्योंकि वहां बैठा प्रधान सेवक गांव, गरीब, किसान, महिला और युवाओं की समृद्धि, स्वावलंबन और सशक्तिकरण के संबंध में सोचता है।

चतरा के युवा आगे आएं, अपनी क्षमता का उपयोग करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने एक साथ 1 लाख 6 हजार युवाओं को निजी क्षेत्र में 8 हजार से 11 लाख तक कि नौकरी प्रदान की। 18 देश के राजदूतों ने इस कार्य का लोहा माना। आनेवाले दिनों में 30 हजार युवाओं को प्रशिक्षण देकर रोजगार से आच्छादित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा आजदी के बाद पहली बार केंद्र सरकार द्वारा कौशल विकास मंत्रालय का गठन किया गया ताकि देश और राज्य के युवाओं को शिक्षा के साथ हुनरमंद भी बनाया जाए। हमारा मकसद युवाओं को हुनरमंद बना रोजगार देना है।

14 वर्ष की तुलना 4 वर्ष में हुए कार्य से करें, हम विकास की राजनीति करते हैं

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज ग्रामीण, राज्य मार्ग या फिर राष्ट्रीय राजमार्ग हो हर क्षेत्र में कार्य हुए हैं। झारखण्ड में 14 वर्ष में 22 हजार किमी ग्रामीण सड़क का निर्माण हुआ और 4 वर्ष में 20 किमी, 14 वर्ष में प्रतिदिन सड़क बनाने की रफ्तार करीब 1 किमी से ज्यादा थी , 4 वर्ष में 3.28 किमी प्रतिदिन सड़क का निर्माण हो रहा है। आज मुंहे इस बात की खुशी है कि टंडवा के तरही नदी पर आजादी के बाद पुल का निर्माण सुनिश्चित हुआ। यह है हमारे विकास कार्यों का आकलन, जिसे आप देख और महसूस भी कर रहे होंगे। इसकी परिणीति हुई आपके द्वारा बनाई गई एक मजबूत और स्थायी सरकार की वजह से।

चतरा और चाईबासा में स्टील प्लांट जल्द

मुख्यमंत्री ने कहा कि चतरा और चाईबासा में जल्द स्टील प्लांट निर्माण हेतु आधारशिला रखी जायेगी। इसके लिए लगातार केंद्र सरकार से समन्वय स्थापित कर बात किया जा रहा है। स्टील प्लांट खुलने से रोजगार के अवसर का सृजन होगा।

2019 अक्टूबर तक 1200 से ज्यादा आदिवासी गांव को पेयजल

मुख्यमंत्री ने कहा दूषित पेयजल और पानी की उपलब्धता नहीं होने से स्वास्थ्य पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। सरकार राज्य भर से 1200 से अधिक आदिवासी और दलित गांव तो बोरिंग के माध्यम से पानी उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य कर रही है। 2020 तक उस बोरिंग के जल को टंकी में एकत्र कर पाइपलाइन के जरिये घर घर जल एकत्र किया जाएगा।

4 साल के विकास में नारी शक्ति का बड़ा योगदान

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने 4 वर्ष में जो विकास के कार्य किये हैं उसमें महिलाओं का बड़ा योगदान है। 4 वर्ष में राज्य की साहिया, जल साहिया, रानी मिस्त्री और सखी मंडल की महिलाओं के सहयोग व अथक प्रयास से 2014 के 18% खुले में शौच से मुक्त झारखण्ड को 4 साल में शत प्रतिशत मुक्त कर दिया। सखी मंडल की बहनों के लिए जल्द पॉल्ट्री फेडरेशन सोसाइटी के गठन किया जाएगा ताकि वे मुर्गी के अंडा उत्पादन में अग्रणी बन सकें। डेयरी के क्षेत्र में भी महिलाएं और युवा आगे आएं। सरकार 50% अनुदान ऐसे लोगों को देगी।

किसानों के बीच 2 हजार 250 करोड़ रुपये का होगा वितरण

मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री आशीर्वाद योजना का शुभारंभ सरकार कर रही है। राज्य के किसानों को खाद, बीज समेत खेती हेतु राशि उनके एकाउंट में DBT के माध्यम से ट्रांसफर किया जाएगा। इस योजना तहत 5 हजार आए 25 हजार तक राशि प्रदान की जाएगी। इन कार्य मे सरकार 2 हजार 250 करोड़ रुपये खर्च करेगी। उक्त राशि अप्रैल व मई तक किसानों के एकाउंट में चला जायेगा।

अंग्रेजों को चुनौती देने वाले शहीदों की प्रतिमा निर्माण में मिट्टी प्राप्त कर चतरा की पुण्य भूमि धन्य हुई

मुख्यमंत्री ने कहा कि अंग्रेजों को चुनौती देने वाले बिरसा आबा , सिधो कान्हू, चांद भैरव समेत अन्य शहीदों को 67 साल में किसी ने याद नहीं किया। लेकिन आजादी के 67 साल बाद लाल किला से देश के वर्त्तमान प्रधानमंत्री ने बिरसा मुंडा की नमन किया। राज्य के शहीदों की प्रतिमा निर्माण हेतु प्रधानमंत्री ने 25 करोड़ रुपये उपलब्ध कराए। अब राज्य भर के गांव की मिट्टी उन शहीदों की प्रतिमा निर्माण में लगेगी। आज चतरा के 52 गांव से आई मिट्टी का सम्मिश्रण कर गुमान का अनुभव कर रहा हूं।

4 हजार करोड़ का घोटाला किया, हमने बालू मुफ्त प्राप्त करने का प्रावधान किया

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश मे लंबे समय तक शासन करने वाली पार्टी ने राज्य के एक आदिवासी निर्दलीय को मुख्यमंत्री बना कर 4 हजार करोड़ का घोटाला किया। वही एक क्षेत्रिय पार्टी ने बालू घाट को मुंबई की कंपनी के हवाले कर दिया ताकि भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल सके। लेकिन वर्तमान सरकार ने बालू उठाव की मुफ्त कर दिया। अब फिर से सब एक हो रहें हैं , मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीबी की बात करने वाले, युवाओं की बात करने वाले, नया भारत की बात करने वाले, देश को आर्थिक सुपरपावर बनाने

की बात करने वाले, महिलाओं के स्वावलंबन की बात करने वाले वर्त्तमान प्रधानमंत्री को हटाने के लिए एक हो रहें हैं। लेकिन इस देश को प्रधानमंत्री की जरूरत है जबकि अन्य चाहते हैं कि देश और राज्य को फिर भ्रष्टाचार की ओर धकेल दिया जाए।

ऐतिहासिक क्षण यह अविस्मरणीय है

चतरा सांसद श्री सुनील कुमार सिंह ने कहा कि यह ऐतिहासिक क्षण है , स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधा का शुभारंभ चतरा की धरती से हुई यह अविस्मरणीय है। अब चतरा का प्रत्येक गांव में स्वास्थ्य सुविधा पहुँच पाएगी। 1608 साहिया को 1870 रुपये का मेडिकल किट उपलब्ध कराया जा रहा है , अब मामूली बुखार, दर्द, एंटीबायोटिक और महिलाओं के बीच सेनिटरी नैपकिन का वितरण होना सुनिश्चित हुआ। सांसद और DmFT की राशि से मोटरसाइकिल एम्बुलेंस, निदान योजना, सगुन योजना और आंगन योजना का शुभारंभ मुख्यमंत्री जी ने किया इसके लिए धन्यवाद। चतरा स्वास्थ्य के क्षेत्र में अग्रणी बनें इस निमित लगातार कार्य हो रहा है।

चतरा विधायक श्री जयप्रकाश सिंह भोक्ता ने कहा कि चतरा में ग्रामीणों को देखते हुए प्रारम्भ की गई यह योजना मिल का पत्थर साबित होगा। आनेवाले समय में चतरा स्वास्थ्य के क्षेत्र में अग्रणी बनें इस निमित लगातार कार्य हो रहा है। प्रोजेक्ट आंगन के माध्यम से आंगन बाड़ी केंद्रों में पढ़ाई करने वाले बच्चों को एक बेहतर माहौल, खेल कूद करते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान किया जाएगा। चतरा में स्वास्थ्य के क्षेत्र में कमियां हैं लेकिन उनका निदान हो इस निमित्त लगातार कार्य हो रहा है।

इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने बिरसा मुंडा संग्रहालय में निर्मित होने वाले शहीदों की प्रतिमा निर्माण हेतु चतरा के 52 गांव से मंगाई गई मिट्टी का सम्मिश्रण किया। स्वस्थ चतरा के तहत निदान योजना, आंगन योजना, सगुन योजना और मोटरसाइकिल एम्बुलेंस योजना का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने सांकेतिक तौर पर चतरा और बालूमाथ की साहिया को निदान योजना के तहत किट का वितरण किया। कीट प्राप्त करने वाली महिलाओं में लातेहार की सरोज निराली लकडा, देवंती देवी, शकुंतला देवी, संगीत देवी व चतरा की निखत परवीन, द्रौपदी देवी, माधुरी देवी, सुनीता देवी, अरुणा उपाध्याय, शांति देवी, संगीत देवी व सुचिता देवी शामिल थीं।

कार्यक्रम का स्वागत संबोधन उपायुक्त चतरा दिया। पुलिस अधीक्षक श्री बी. बरियार ने मुख्यमंत्री को मोमेंटम देकर सम्मनित किया।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, अध्यक्ष ज़िला परिषद, अध्यक्ष नगर परिषद व सैकड़ों की सांख्य में जल सहिया,सखी मंडल की महिलायें व ग्रामीण उपस्थित थे.

###

====================

#TeamPRD(CMO/Chatra)